भारत के विकास का वाहक बनेगा यूपी

उद्यमियों ने की यूपी सरकार की औद्योगिक नीति और अनुकूल माहौल की सराहना

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए शुक्रवार को दिल्ली में हुए रोड शो में उद्यमियों को संबोधित करते हुए भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि भारत दुनिया की सर्वाधिक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और यूपी इसमें हर कदम पर साथ चल रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी भारत के विकास का वाहक बनेगा। इस दौरान उद्यमियों ने प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीति और उद्यमियों के लिए उपलब्ध अनुकूल माहौल की सराहना की।

दिल्ली के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में देश और विदेश के दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वीडियो संदेश उद्योगपतियों को दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को समिट के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम को भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा, औद्योगिक विकास विभाग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, भारतीय उद्योग परिसंघ के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने भी संबोधित किया।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए शुक्रवार को दिल्ली में हुए रोड शो में मौजूद उद्यमी। -विज्ञप्ति

मिनटों में होता है समस्या समाधान

मापेई के सीईओ संजय भल्ला ने कहा कि यूपी में उद्योग से संबंधित किसी भी तरह की समस्या का समाधान मिनटों में किया जाता है। समस्या का समाधान वाट्सएप पर ही हो जाता है। भल्ला ने कहा कि उनकी कंपनी भविष्य में यूपी में और अधिक निवेश करने की तैयारी कर रही है।

यूपी में निवेश करती रहेगी एनटीपीसी

एनटीपीसी की प्रतिनिधि अधिकारी ने कहा कि उनकी कंपनी भविष्य में भी यूपी में निवेश करती रहेगी। अब तक यूपी में हम 5200 करोड़ रुपये का निवेश किया है। जैक्सन ग्रुप के चेयरमैन समीर गुप्ता ने कहा कि जो उद्यमी यूपी में निवेश करेगा वह भारत के विकास के पहिए को तेज घुमाने में अपना योगदान देगा। भारतीय उद्योग परिसंघ सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि यूपी में निवेश करने वाले उद्योगपति ही विदेश में यूपी के ब्रांड एम्बेसडर बनेंगे।